# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
# Uttarakhand Open University

Ref. No. UOU/वि०प०/18/2020
Date 06/06/2020

सेवा में,

1. प्रोफेसर एन0सी0 गौतम, कुलपति, महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, मध्य प्रदेश।
2. प्रोफेसर डी0पी0 सकलानी, परिसर निदेशक, इतिहास विभाग, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व, हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल (क्रेन्द्रीय विश्वविद्यालय), उत्तराखण्ड।
3. प्रोफेसर अभय सक्सेना, डीन, स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेन्ट एण्ड कम्यूनिकेशन, देव संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार।
4. प्रोफेसर बी0एम0 कुमार, मानविकी एवं समाज विज्ञान महाविद्यालय, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर।
5. प्रोफेसर मधुरेन्द्र कुमार, राजनीति विज्ञान विभाग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
6. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष द्वारा नामित एक व्यक्ति जो संयुक्त सचिव से निम्न पंक्ति का न हो।
7. प्रोफेसर आर0सी0 मिश्र, निदेशक, प्रबन्ध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्या शाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
8. प्रोफेसर एच0पी0 शुक्ल, निदेशक, मानविकी विद्या शाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
9. प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे, निदेशक, समाज विज्ञान विद्या शाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
10. प्रोफेसर दुर्गेश पंत, निदेशक, कम्प्यूटर साइंस एवं सूचना प्रोद्यौगिकी विद्या शाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
11. डॉ0 गगन सिंह, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य, उ0वि0वि0मु0, हल्द्वानी।
12. डॉ0 शशांक शुक्ल, सहायक प्राध्यापक, हिन्दी, उ0वि0वि0मु0, हल्द्वानी।
13. प्रोफेसर पी0डी0 पंत, परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी (आमंत्रित सदस्य)।
14. श्रीमती आभा गर्खाल, वित्त अधिकारी, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी (आमंत्रित सदस्य)।
15. श्री विमल कुमार मिश्र, उपकुलसचिव, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी (आमंत्रित सदस्य)।

**महोदय/महोदया,**

दिनांक **30 मई, 2020 (शनिवार)** को सम्पन्न उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की **विद्या परिषद की 18वीं बैठक** का कार्यवृत्त संलग्न कर प्रेषित है। कार्यवृत्त में यदि कोई संशोधन हो तो, कृपया अवगत कराने का कष्ट करें ताकि कार्यवृत्त की पुष्टि के समय प्रस्तावित संशोधन को संज्ञान में लेते हुए यथा आवश्यक परिवर्तन किया जा सके।

सादर,

भवदीय,

06/06/2020

**कुलसचिव/ सचिव, विद्या परिषद्**

**प्रतिलिपि:-** कुलपति जी के वैयक्तिक सहायक को कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

Teenpani Bypass, Haldwani - 263139, Nainital, Uttarakhand तीनपानी बाईपास, हल्द्वानी – 263139, नैनीताल, उत्तराखण्ड
**Tel.:** 05946-286 000 • **Toll Free No.:** 1800 180 4025 • **Fax:** 05946-264 232 • **E-mail:** info@uou.ac.in • **Website:** www.uou.ac.in

**दिनांक 30 मई, 2020 (शनिवार) को माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में प्रातः 11.30 बजे विश्वविद्यालय सभागार में सम्पन्न विद्या परिषद की 18वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

**बैठक में निम्न ने प्रतिभाग किया :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह नेगी,<br>कुलपति,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,<br>हल्द्वानी। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रोफेसर डी0पी0 सकलानी,<br>परिसर निदेशक,<br>इतिहास विभाग, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व,<br>हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय),<br>श्रीनगर गढ़वाल, उत्तराखण्ड। | सदस्य |
| 3. | प्रोफेसर अभय सक्सेना,<br>डीन, स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेन्ट एण्ड कम्यूनिकेशन,<br>देव संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार। | सदस्य |
| 4. | प्रोफेसर बी0एम0 कुमार,<br>मानविकी एवं समाज विज्ञान महाविद्यालय,<br>गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर। | सदस्य |
| 5. | प्रोफेसर मधुरेन्द्र कुमार,<br>राजनीति विज्ञान विभाग,<br>कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल। | सदस्य |
| 6. | प्रोफेसर आर0सी0 मिश्र,<br>निदेशक, प्रबन्ध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्याशाखा,<br>उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 7. | प्रोफेसर एच0पी0 शुक्ल,<br>निदेशक, मानविकी विद्याशाखा,<br>उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी। | सदस्य |
| 8. | प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे,<br>निदेशक, समाज विज्ञान विद्या शाखा,<br>उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी। | सदस्य |

9. प्रोफेसर दुर्गेश पंत, सदस्य
निदेशक, कम्प्यूटर एवं सूचना विज्ञान, विद्या शाखा,
उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।

10. डॉ गगन सिंह, सदस्य
सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य,
उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।

11. डॉ0 शशांक शुक्ला, सदस्य
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी (अवकाश पर),
उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।
(वर्तमान में जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू में नियोजित)

12. श्री भरत सिंह, सदस्य सचिव
कुलसचिव
उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।

13. प्रोफेसर पी0डी0 पंत, आमंत्रित सदस्य
परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।

14. श्रीमती आभा गर्खाल, आमंत्रित सदस्य
वित्त नियंत्रक,
उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।

15. श्री विमल कुमार मिश्र, आमंत्रित सदस्य
उप कुलसचिव, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी।

COVID-19 (वैश्विक महामारी) संक्रमण के कारण दिनांक 19 मार्च, 2020 से सम्पूर्ण देश में विभिन्न चरणों में लॉकडाउन किया गया है। इस कारण उल्लिखित बैठक भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा COVID-19 के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के तहत सम्पन्न की गई। बाह्य सदस्यों- प्रोफेसर डी0पी0 सकलानी, प्रोफेसर अभय सक्सेना, प्रोफेसर बी0एम0 कुमार एवं प्रोफेसर मधुरेन्द्र कुमार तथा आन्तरिक सदस्यों/आमंत्रित सदस्य प्रोफेसर दुर्गेश पंत, डॉ0 शशांक शुक्ला एवं श्री विमल कुमार मिश्रा द्वारा **Zoom App** के माध्यम से उक्त बैठक में ऑन-लाइन प्रतिभाग किया गया।

सर्वप्रथम कुलपति जी द्वारा **Zoom App** के माध्यम से ऑन-लाइन उपस्थित बाह्य सदस्यों- प्रोफेसर डी0पी0 सकलानी, प्रोफेसर अभय सक्सेना, प्रोफेसर बी0एम0 कुमार तथा प्रोफेसर मधुरेन्द्र कुमार का स्वागत करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की कि उन्होंने अपना बहुमूल्य समय निकालकर बैठक में ऑन लाइन माध्यम से प्रतिभाग किया इसके लिए कुलपति जी द्वारा बाह्य सदस्यों का विशेष आभार व्यक्त करते हुए विद्या परिषद के समस्त सदस्यों/आमंत्रित सदस्यों का स्वागत किया गया।

समस्त सदस्यों के स्वागतोपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रस्तुत कार्यसूची में सम्मिलित प्रत्येक प्रस्ताव को विद्या परिषद के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। विद्या परिषद द्वारा प्रत्येक प्रस्ताव का अवलोकन कर विचारोपरान्त प्रस्तावों पर निम्नवत अनुमोदन प्रदान किया गया:-

**प्रस्ताव संख्या 18.01- विद्या परिषद की 15वीं बैठक दिनांक 29.07.2019 के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं अनुमोदन।**

विद्या परिषद की **15वीं बैठक दिनांक 29.07.2019** का कार्यवृत्त विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–यू0ओ0यू0/R/वि0परि0/15/2019/3304, दिनांक 22.08.2019 द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों के मध्य इस अनुरोध के साथ परिचालित किया गया था कि कार्यवृत्त में यदि कोई संशोधन प्रस्तावित हो तो अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि कार्यवृत्त की पुष्टि के समय प्रस्तावित संशोधन को संज्ञान में लेते हुए यथा आवश्यक परिवर्तन किया जा सके। तदनुसार परिचालित कार्यवृत्त पर माननीय सदस्यों से कोई असहमति/संशोधन प्राप्त नहीं हुआ है। विद्या परिषद द्वारा अवगत होते हुए सर्वसम्मति से 15वीं बैठक दिनांक 29.07.2017 के कार्यवृत्त की पुष्टि को अनुमोदित किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 18.02-विद्या परिषद की 16वीं बैठक दिनांक 02.12.2019 (विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षान्त समारोह से पूर्व एक सूत्रीय कार्यसूची) एवं 17वीं आवश्यक (Urgent) बैठक दिनांक 11.02.2020** By Circulation **के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं निर्णयों पर कृत कार्यवाही।**

विद्या परिषद द्वारा 16वीं बैठक दिनांक 02.12.2019 जो विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षान्त समारोह से पूर्व एक सूत्रीय कार्यसूची के संबंध में थी एवं 17वीं आवश्यक (Urgent) बैठक दिनांक 11.02.2020 जो By Circulation सम्पन्न की गई थी, जिसमें विश्वविद्यालय में संचालित जिन पाठ्यक्रमों में प्रयोगात्मक परीक्षा/परियोजना कार्य/कार्यशालाएं आयोजित की जाती है ऐसे पाठ्यक्रमों में ₹500/- शुल्क की बढ़ोत्तरी किये जाने के संबंध में एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था जिस पर विद्या परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा अपनी सहमति ई-मेल के माध्यम से प्रेषित की गयी थी, से अवगत होते हुए सर्वसम्मतति से 16वीं एवं 17वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि को अनुमोदित किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 18.03- विद्या परिषद की 15वीं बैठक दिनांक 29.07.2019 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही।**

विद्या परिषद की 15वीं बैठक दिनांक 29.07.2019 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही से कुलसचिव द्वारा विद्या परिषद को विस्तार से अवगत कराया गया जिस पर परिषद द्वारा अवगत होते हुए सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 18.04- विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की 11वीं बैठक दिनांक 20 मई, 2020 के कार्यवृत्त की संस्तुतियों का अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की 11वीं बैठक दिनांक 20 मई, 2020 के कार्यवृत्त का विद्या परिषद द्वारा अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से कतिपय संशोधनों के साथ निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया गया:-

**प्रस्ताव संख्या 11.3- जून-जुलाई 2020 में प्रस्तावित परीक्षाओं के संबंध में।**

1. विश्वविद्यालय की जून-जुलाई 2020 में आयोजित होने वाली वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षाएं दिनांक 06 जुलाई, 2020 से केवल अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर की ही करायी जायेंगी या अन्य समस्त परीक्षाएं कराये जाने के संबंध में COVID-19 वैश्विक महामारी के तहत तदसमय जैसी परिस्थितियॉं होगीं उसके अनुसार ही परीक्षाएं सम्पादित कराये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। देशकाल परिस्थिति अनुसार यथासमय परिवर्तन हेतु कुलपति जी को निर्णय लेने के लिये अधिकृत कर दिया गया।

2. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप वर्ष 2020 से परीक्षाओं में प्रश्न-पत्र की समयावधि 3 घंटे के स्थान पर 2 घंटा करने एवं परीक्षार्थियों द्वारा दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में तथा लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में लिखे जाने पर विद्या परिषद द्वारा सहर्ष स्वीकृति दी गई।

**प्रस्ताव संख्या 11.04- अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।**

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशानुसार प्रवेश सत्र जुलाई 2020-21 से सत्रीय कार्य (Assignment) ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से कराये जाने के संबंध में गठित समिति की संस्तुतियों को यथावत अनुमोदित किया गया।

2. विश्वविद्यालय की एक सत्र की परीक्षा में प्रति परीक्षक (बाह्य/आन्तरिक) को पारिश्रमिक धनराशि के रूप में प्रश्न-पत्र निर्माण, मोडरेशन, उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन व परियोजना/लघु शोध मूल्यांकन एवं प्रयोगात्मक परीक्षा व मौखिक परीक्षाओं हेतु ₹20000/- तक का अधिकतम भुगतान किए जाने संबंधी प्रस्ताव में वित्तीय उपाशय निहित होने के कारण इस प्रकरण को विश्वविद्यालय वित्त समिति में प्रस्तुत किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 18.05- विश्वविद्यालय की विभिन्न विद्याशाखाओं के अन्तर्गत सम्पन्न अध्ययन बोर्डों (Board of Studies) की संस्तुतियों पर विचार एवं अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।**

विद्या परिषद की 15वीं बैठक दिनांक 29 जुलाई, 2019 के उपरान्त विभिन्न विद्याशाखाओं के अन्तर्गत विभिन्न विषयों के अध्ययन बोर्डों (Board of Studies) की ऑफ लाइन एवं ऑन लाइन बैठकें आयोजित की गई जिनमें पूर्व से संचालित पाठ्यक्रमों की पाठ्य सामग्री में आंशिक संशोधन तथा कुछ विषयों में नवीन पाठ्यक्रम आरम्भ किये जाने पर अध्ययन बोर्डों द्वारा संस्तुति की गयी है। विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अध्ययन बोर्डो की संस्तुतियों को अनुमोदित करते हुए यू0जी0सी0 के दिशा-निर्देशों के अनुसार सत्र 2020-21 से विश्वविद्यालय में संचालित समस्त स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को सेमेस्टर प्रणाली में परिवर्तित किये जाने एवं स्नातक पाठ्यक्रमों को पूर्व की भांति यथावत संचालित किये पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही जिन विषयों की अध्ययन बोर्ड की बैठकें आयोजित की जानी हैं उनके अनुमोदन के लिये कुलपति जी को अधिकृत किया गया।

**<u>उक्त के अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कतिपय अन्य विषयों पर भी चर्चा की गयी।</u>**

1. यू0जी0सी0 के दिशा-निर्देशों के तहत भविष्य के लिए उत्तरपुस्तिकाओं के स्थान पर Question Bank जो MCQ/OMR based होगा निर्मित किये जाने पर संस्तुति की गयी तथा कार्यवाही हेतु कुलपति जी को अधिकृत किया गया।
2. क्षेत्रीय भाषाओं- कुमाऊँनी, गढ़वाली, नेपाली एवं अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में प्रमाण-पत्र/डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के SLM तैयार कर तदनुसार संचालित किये जाने पर सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गई।
3. भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्याशाखा के स्कूल बोर्ड की दिनांक 27 मई, 2020 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियां विद्या परिषद के सम्मुख प्रस्तुत की गयी जिस पर प्रोफेसर पी0डी0 पंत द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में संचालित भौगोलिक सूचना प्रणाली एवं दूर संवेदी अनुप्रयोग (GIS and Remote Sensing) विभाग विश्वविद्यालय परिनियमावली में वर्णित व्यवस्थानुसार भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्याशाखा के अन्तर्गत सम्मिलित है। वर्तमान में GIS and Remote Sensing पाठ्यक्रम कम्प्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विद्याशाखा के अन्तर्गत संचालित किया जा रहा है। विद्या परिषद द्वारा विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गयी कि वे डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम जो कम्प्यूटर विज्ञान से संबंधित हैं उन्हें पूर्व की भांति कम्पयूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विद्याशाखा के अन्तर्गत तथा स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम को भूगोल विभाग से संबंधित होने के कारण भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्याशाखा के अन्तर्गत संचालित किये जाय।

कार्यसूची में सूचीबद्ध समस्त प्रस्तावों पर विचार-विमर्श एवं अनुमोदन के उपरान्त विद्या परिषद के सदस्य सचिव/ कुलसचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों विशेषकर बाह्य सदस्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए सभी सदस्यों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

अन्त में अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न हुई।

**कुलसचिव/ सदस्य सचिव, विद्या परिषद्**

कुल सचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

Approved

4/6/2020

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी, जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)